# स्टार खंडवा समाचार

लीड इंडिया फ्रेंचाइसी / RNI. DELHIN/2015/64915

website: barkatkhar@gmail.com Mob. 9926571360

STAR KHANDWA समाचार




## जिला ब्यूरो चीफ सरिता रघुवंशी

# औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह के समापन पर भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों को मुख्य महाप्रबंधक ने दी श्रद्धांजलि





भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम नेपा लिमिटेड में सीएमडी राकेश कुमार चोखानी के मार्गदर्शन में मंगलवार को औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह आयोजित किया गया। कारखाना परिसर स्थित अनाम श्रमिक स्मारक पर कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य महाप्रबंधक कार्य तथा कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन द्वारा अनाम श्रमिक पर माल्यार्पण किया गया। मिल कर्मचारियों-अधिकारियों को संबोधित करते हुएं राम अलागेसन ने कहा, जब हम 2-3 दिसंबर की रात को हुए हादसे को याद करते हैं तो हमें भयावह स्वप्न आते हैं। हजारों जाने भोपाल की सड़कों पर आधी रात को तड़पते हुए दिखाई देती हैं। भोपाल की गैस त्रासदी इतिहास में दुनिया की सबसे खराब औद्योगिक आपदा के रूप में दर्ज है, जिसमें उस भयावह रात में 5,295 लोगों की जान चली गई और लगभग 5,68,292 लोग घायल हो गए थे। औद्योगिक विकास सुरक्षा के बगैर अधूरा हैं। असुरक्षित उद्योग पीढ़ियों को प्रभावित करता है। विश्व मानव सभ्यता में इसका सबसे भयानक उदाहरण भोपाल गैस त्रासदी हैं। हमें हमारे संयंत्रों में भी सुरक्षा के साथ काम करने की आवश्यकता हैं। सुरक्षित उत्पादन न केवल हमारी वाणिज्यिक, औद्योगिक और व्यापारिक जिम्मेदारी है बल्कि, यह प्रत्येक उद्योग और प्रतिष्ठान की नैतिक जिम्मेदारी भी हैं। इस अवसर पर भोपाल गैस त्रासदी के मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और सभी को सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया नेपा लिमिटेड औद्योगिक संरक्षा विभाग द्वारा सप्ताह भर आयोजित विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं के विजेताओं को कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन, महाप्रबंधक विपणन अजय गोयल, उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत सुमंत कानफाड़े और प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन महेंद्र केशरी द्वारा सम्मानित भी किया गया।इनका किया गया सम्मान सहायक प्रबंधक औद्योगिक संरक्षा विभाग प्रशांत सोनी के नेतृत्व में आयोजित सुरक्षा नारा में वित्त विभाग की प्रशिक्षु पल्लवी पटेल को प्रथम, डीआईपी संयंत्र के तकनीकी सहायक राहुल बिरमल को द्वितीय तथा पावर हाउस के प्रशिक्षु अभिषेक सोनी को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।औद्योगिक सुरक्षा के प्रति विभिन्न संयंत्रों में सतत विकास हेतु सतत और संधारणीय प्रयासों हेतु इन्हें किया गया सम्मानित इंस्ट्रूमेंट विभाग के देवेंद्र परदेसी, मैकेनिकल विभाग के सनी कलोसिया, विद्युत विभाग के अब्दुल अजीम, डीआईपी संयंत्र के मयूर पाटिल, पेपर मशीन के चेतन पाटिल, फिनिशिंग हाउस के किशोर वानखेड़े, सेल्स गोडाउन के कुलभूषण कान्हेर, प्राथमिक उपचार केंद्र के रामदास पाल, पावर हाउस के भूषण निमाड़े, अग्निशमन दल के जयदेव दलवी, ईटी प्लांट के अशोक कोकटनूर, सिविल विभाग के संजू पालेकर को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में साल्वेज रिवाइंडर को पुन: चलायमान रखने के लिए किए गए प्रयासों हेतु यांत्रिकी विभाग के मुकेश पाठक, हितेश चौधरी, विकास सोनवने, सनी कलोसिया, सचिन तायड़े, गणेश जाधव और शुभम चौधरी को जबकि, विद्युत विभाग से आयुष महाजन, गौरव कुमार, राजाराम उइके और किरण महाजन को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही भारतीय संविधान पर आधारित प्रश्नोत्तरी हेतु सहायक प्रबंधक विपणन प्रशांत सोनी को प्रथम, मुकेश चौहान, संगीता लाल और प्रांजल तिवारी को संयुक्त रूप से द्वितीय और ईशान व्यास और संदीप माले को संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक औद्योगिक संरक्षा प्रशांत सोनी ने किया, आभार जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने माना। इस दौरान महाप्रबंधक विपणन अजय गोयल, उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत सुमंत कानफाड़े, प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन महेंद्र केशरी, प्रबंधक पेपर मशीन अरविंद कुमार त्यागी, प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक कर्मचारी सम्बन्ध और कल्याण सीएल वर्मा, प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी, उप प्रबंधक इंस्ट्रूमेंट विजेंद्र यादव, सहायक प्रबंधक डीआईपी देवेंद्र महोबे,अग्निशमन केंद्र के प्रभारी उदेश नकुल और नेपा मिल श्रमिक संघ के सचिव संजय पवार सहित कई अफसर कर्मी उपस्थित थे।

नेपा मिल में औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह का समापन, मृतकों को दी श्रद्धांजलि

# सुरक्षित उत्पादन प्रत्येक उद्योग व प्रतिष्ठान की नैतिक जिम्मेदारी

नईदुनिया संजय चौहान 9406689018



समापन समारोह के दौरान मौजूद सम्मानित किए गए अधिकारी व कर्मचारी। • नईदुनिया

**नईदुनिया न्यूज, नेपानगरः** औद्योगिक विकास सुरक्षा के बगैर अधूरा है। असुरक्षित उद्योग पीढ़ियों को प्रभावित करता है। इसका सबसे भयावह उदाहरण भोपाल गैस त्रासदी है। हमें हमारे संयंत्रों में भी सुरक्षा के साथ काम करने की आवश्यकता है। सुरक्षित उत्पादन न केवल हमारी व्यापारिक जिम्मेदारी है बल्कि, प्रत्येक उद्योग और प्रतिष्ठान की नैतिक जिम्मेदारी भी है। यह बात नेपा मिल के कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन ने मंगलवार को औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह के समापन अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि भोपाल गैस त्रासदी में 5,295 लोगों की जान चली गई थी, जबकि 5,68,292 लोग प्रभावित हुए थे। सीएमडी राकेश कुमार चोखानी के मार्गदर्शन में अनाम श्रमिक स्मारक पर माल्यार्पण कर गैस त्रासदी के मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही सभी कर्मचारियों को सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

**सम्मानित किए गए अधिकारी-कर्मचारीः** जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं के विजेताओं को कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन, महाप्रबंधक विपणन अजय गोयल, उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत सुमंत कानफाड़े और प्रबंधक कार्मिक महेंद्र केशरी द्वारा सम्मानित भी किया गया। इनमें वित्त विभाग की प्रशिक्षु पल्लवी पटेल, डीआइपी संयंत्र के तकनीकी सहायक राहुल बिरमल, पावर हाउस के प्रशिक्षु अभिषेक सोनी, इंस्ट्रूमेंट विभाग के देवेंद्र परदेसी, मैकेनिकल विभाग के सनी कलोसिया, विद्युत विभाग के अब्दुल अजीम, डीआइपी संयंत्र के मयूर पाटिल, पेपर मशीन के चेतन पाटिल, फिनिशिंग हाउस के किशोर वानखेड़े, कुलभूषण कान्हेर, पामदास पाल, भूषण निमाड़े, जयदेव दलवी आदि मौजूद रहे।

# भोपाल की गैस त्रासदी इतिहास में दुनिया की सबसे खराब औद्योगिक आपदा के रूप में दर्ज है




सम्मानित करते हुए।

● नेपानगर / आरएनएन

**नेपानगर।** नेपा लिमिटेड में सीएमडी राकेश कुमार चोखानी के निर्देश पर मंगलवार को औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह आयोजित किया गया। कारखाना परिसर स्थित अनाम श्रमिक स्मारक पर कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य महाप्रबंधक कार्य तथा कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन द्वारा अनाम श्रमिक पर माल्यार्पण किया गया। मिल कर्मचारियों/अधिकारियों को संबोधित करते हुए राम अलागेसन ने कहा, जब हम 2-3 दिसंबर की रात को हुए हादसे को याद करते हैं तो हमें भयावह स्वप्न आते हैं। हजारों जाने भोपाल की सड़कों पर आधी रात को तड़पते हुए दिखाई देती हैं। भोपाल की गैस त्रासदी इतिहास में दुनिया की सबसे खराब औद्योगिक आपदा के रूप में दर्ज है। जिसमें उस भयावह रात में 5,295 लोगों की जान चली गई और लगभग 5,68,292 लोग घायल हो गए थे। औद्योगिक विकास सुरक्षा के बगैर अधूरा हैं। असुरक्षित उद्योग पीढ़ियों को प्रभावित करता है। विश्व मानव सभ्यता में इसका सबसे भयानक उदाहरण भोपाल गैस त्रासदी हैं। हमें हमारे संयंत्रों में भी सुरक्षा के साथ काम करने की आवश्यकता हैं। सुरक्षित उत्पादन न केवल हमारी वाणिज्यिक, औद्योगिक और व्यापारिक जिम्मेदारी है बल्कि, यह प्रत्येक उद्योग और प्रतिष्ठान की नैतिक जिम्मेदारी भी हैं। इस अवसर पर भोपाल गैस त्रासदी के मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और सभी को सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया नेपा लिमिटेड औद्योगिक संरक्षा विभाग द्वारा सप्ताह भर आयोजित विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं के विजेताओं को कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन, महाप्रबंधक विपणन अजय गोयल, उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत सुमंत कानफ ड़े और प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन महेंद्र केशरी द्वारा सम्मानित भी किया गया।

## इनका किया गया सम्मान

सहायक प्रबंधक औद्योगिक संरक्षा विभाग प्रशांत सोनी के नेतृत्व में आयोजित सुरक्षा नारा में वित्त विभाग की प्रशिक्षु पल्लवी पटेल को प्रथम, डीआईपी संयंत्र के तकनीकी सहायक राहुल बिरमल को द्वितीय तथा पावर हाउस के प्रशिक्षु अभिषेक सोनी को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह के समापन पर भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों को मुख्य महाप्रबंधक ने दी श्रद्धांजलि

**दैनिक खबरों की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले**

**बुरहानपुर।** नेपानगर में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में सीएमडी राकेश कुमार चोखानी के मार्गदर्शन में मंगलवार को औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह आयोजित किया गया। कारखाना परिसर स्थित अनाम श्रमिक स्मारक पर कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य महाप्रबंधक कार्य तथा



कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन द्वारा अनाम श्रमिक पर माल्यार्पण किया गया। मिल कर्मचारियों-अधिकारियों को संबोधित करते हुएं राम अलागेसन ने कहा,जब हम 2-3 दिसंबर की रात को हुए हादसे को याद करते हैं तो हमें भयावह स्वप्न आते हैं। हजारों जाने भोपाल की सड़कों पर आधी रात को तड़पते हुए दिखाई देती हैं। भोपाल की गैस त्रासदी इतिहास में दुनिया की सबसे खराब औद्योगिक आपदा के रूप में दर्ज है।जिसमें उस भयावह रात में 5,295 लोगों की जान चली गई और लगभग 5,68,292 लोग घायल हो गए थे। औद्योगिक विकास सुरक्षा के बगैर अधूरा हैं।असुरक्षित उद्योग पीढ़ियों को प्रभावित करता है। विश्व मानव सभ्यता में इसका सबसे भयानक उदाहरण भोपाल गैस त्रासदी हैं। हमें हमारे संयंत्रों में भी सुरक्षा के साथ काम करने की आवश्यकता हैं। सुरक्षित उत्पादन न केवल हमारी वाणिज्यिक, औद्योगिक और व्यापारिक जिम्मेदारी है बल्कि,यह प्रत्येक उद्योग और प्रतिष्ठान की नैतिक जिम्मेदारी भी हैं। इस अवसर पर भोपाल गैस त्रासदी के मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और सभी को सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया नेपा लिमिटेड औद्योगिक संरक्षा विभाग द्वारा सप्ताह भर आयोजित विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं के विजेताओं को कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन, महाप्रबंधक विपणन अजय गोयल,उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता,वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत सुमंत कानफाड़े और प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन महेंद्र केशरी द्वारा सम्मानित भी किया गया। इनका किया गया सम्मान सहायक प्रबंधक औद्योगिक संरक्षा विभाग प्रशांत सोनी के नेतृत्व में आयोजित सुरक्षा नारा में वित्त विभाग की प्रशिक्षु पल्लवी पटेल को प्रथम,डीआईपी संयंत्र के तकनीकी सहायक राहुल बिरमल को द्वितीय तथा पावर हाउस के प्रशिक्षु अभिषेक सोनी को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। औद्योगिक सुरक्षा के प्रति विभिन्न संयंत्रों में सतत विकास हेतु सतत और संधारणीय प्रयासों हेतु इन्हें किया गया सम्मानित इंस्ट्रूमेंट विभाग के देवेंद्र परदेसी, मैकेनिकल विभाग के सनी कलोसिया, विद्युत विभाग के अब्दुल अजीम, डीआईपी संयंत्र के मयूर पाटिल,पेपर मशीन के चेतन पाटिल,फिनिशिंग हाउस के किशोर वानखेड़े,सेल्स गोडाउन के कुलभूषण कान्हेर,प्राथमिक उपचार केंद्र के रामदास पाल,पावर हाउस के भूषण निमाड़े,अग्निशमन दल के जयदेव दलवी,ईटी प्लांट के अशोक कोकटनूर,सिविल विभाग के संजू पालेकर को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में साल्वेज रिवाइंडर को पुनः चलायमान रखने के लिए किए गए प्रयासों हेतु यांत्रिकी विभाग के मुकेश पाठक,हितेश चौधरी, विकास सोनवने,सनी कलोसिया,सचिन तायड़े,गणेश जाधव और शुभम चौधरी को जबकि,विद्युत विभाग से आयुष महाजन, गौरव कुमार,राजाराम उइके और किरण महाजन को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही भारतीय संविधान पर आधारित प्रश्नोत्तरी हेतु सहायक प्रबंधक विपणन प्रशांत सोनी को प्रथम, मुकेश चौहान,संगीता लाल और प्रांजल तिवारी को संयुक्त रूप से द्वितीय और ईशान व्यास और संदीप माले को संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक औद्योगिक संरक्षा प्रशांत सोनी ने किया।आभार जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने माना। इस दौरान महाप्रबंधक विपणन अजय गोयल, उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता,वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत सुमंत कानफाड़े,प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन महेंद्र केशरी,प्रबंधक पेपर मशीन अरविंद कुमार त्यागी,प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख,प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन,प्रबंधक कर्मचारी सम्बन्ध और कल्याण सीएल वर्मा, प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी,उप प्रबंधक इंस्ट्रूमेंट विजेंद्र यादव,सहायक प्रबंधक डीआईपी देवेंद्र महोबे,अग्निशमन केंद्र के प्रभारी उदेश नकुल और नेपा मिल श्रमिक संघ के सचिव संजय पवार सहित कई अफसर कर्मी उपस्थित थे।

# बुरहानपुर 04-12-2024

# भोपाल गैस त्रासदी के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

भास्कर संवाददाता | नेपानगर




एशिया की पहली अखबारी कागज मिल नेपा लिमिटेड में मंगलवार को औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह का समापन हुआ। इस दौरान भोपाल गैस त्रासदी के मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कारखाना परिसर स्थित अनाम श्रमिक स्मारक पर मुख्य महाप्रबंधक कार्य, कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन द्वारा माल्यार्पण किया गया। मिल के अधिकारी-कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राम अलागेसन ने कहा जब हम 2-3 दिसंबर की रात को हुए हादसे को याद करते हैं तो भयावह स्वप्न आते हैं। हजारों जानें भोपाल की सड़कों पर आधी रात को तड़पते हुए दिखाई देती हैं। भोपाल की गैस त्रासदी इतिहास में दुनिया की सबसे खराब औद्योगिक आपदा के रूप में दर्ज है। उस भयावह रात 5295 लोगों की जान चली गई और लगभग 5 लाख 68292 लोग बुरी तरह प्रभावित हुए थे। उन्होंने कहा औद्योगिक विकास सुरक्षा के बगैर अधूरा है। असुरक्षित उद्योग पीढ़ियों को प्रभावित करता है। विश्व मानव सभ्यता में इसका सबसे भयानक उदाहरण भोपाल गैस त्रासदी है। हमें हमारे संयंत्रों में भी सुरक्षा के साथ काम करने की आवश्यकता है। सुरक्षित उत्पादन न केवल हमारी वाणिज्यिक, औद्योगिक और व्यापारिक जिम्मेदारी है, बल्कि यह प्रत्येक उद्योग और प्रतिष्ठान की नैतिक जिम्मेदारी भी है। इस अवसर पर भोपाल गैस त्रासदी के मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी को सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया नेपा लिमिटेड औद्योगिक संरक्षा विभाग द्वारा सप्ताह भर कराई गई विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं के विजेताओं को कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन, महाप्रबंधक विपणन अजय गोयल, उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत सुमंत कानफाड़े और प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन महेंद्र केशरी द्वारा सम्मानित किया गया।

## इनका किया गया सम्मान

सहायक प्रबंधक औद्योगिक संरक्षा विभाग प्रशांत सोनी के नेतृत्व में आयोजित सुरक्षा नारा प्रतियोगिता में वित्त विभाग की प्रशिक्षु पल्लवी पटेल को प्रथम स्थान मिला। डीआईपी संयंत्र के तकनीकी सहायक राहुल बिरमल को द्वितीय और पावर हाउस के प्रशिक्षु अभिषेक सोनी को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। औद्योगिक सुरक्षा के प्रति विभिन्न संयंत्रों में सतत विकास, संधारणीय प्रयासों के लिए इंस्ट्रूमेंट विभाग के देवेंद्र परदेसी, मैकेनिकल विभाग के सनी कलोसिया, विद्युत विभाग के अब्दुल अजीम, डीआईपी संयंत्र के मयूर पाटिल, पेपर मशीन के चेतन पाटिल, फिनिशिंग हाउस के किशोर वानखेड़े, सेल्स गोडाउन के कुलभूषण कान्हेर, प्राथमिक उपचार केंद्र के रामदास पाल, पावर हाउस के भूषण निमाड़े, अग्निशमन दल के जयदेव दलवी, ईटी प्लांट के अशोक कोकटनूर, सिविल विभाग के संजू पालेकर को मैडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में साल्वेज रिवाइंडर को पुनः चलायमान रखने के लिए किए गए प्रयासों के लिए यांत्रिकी विभाग के मुकेश पाठक, हितेश चौधरी, विकास सोनवने, सनी कलोसिया, सचिन तायड़े, गणेश जाधव और शुभम चौधरी को सम्मानित किया गया। विद्युत विभाग से आयुष महाजन, गौरव कुमार, राजाराम उइके और किरण महाजन को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही भारतीय संविधान पर आधारित प्रश्नोत्तरी के लिए सहायक प्रबंधक विपणन प्रशांत सोनी को प्रथम, मुकेश चौहान, संगीता लाल और प्रांजल तिवारी को संयुक्त रूप से द्वितीय और ईशान व्यास और संदीप माले को संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक औद्योगिक संरक्षा प्रशांत सोनी ने किया।

स्वदेश

खंडवा - मुख्य संस्करण

Date 4 Dec 2024

नेपा मिल आयोजित समारोह में गैस पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि

# सुरक्षित उत्पादन हमारी नैतिक जिम्मेदारी-अलागेसन

**स्वदेश समाचार ■ नेपानगर**



एशिया की पहली अखबारी कागज मिल नेपा लिमिटेड नेपानगर में मंगलवार को औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह सप्ताह का समापन हुआ। इस दौरान भोपाल गैस त्रासदी पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कारखाना परिसर स्थित अनाम श्रमिक स्मारक पर मुख्य महाप्रबंधक कार्य, कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन द्वारा अनाम श्रमिक पर माल्यार्पण किया गया।

मिल कर्मचारियों, अधिकारियों को संबोधित करते हुए राम अलागेसन ने कहा, जब हम 2-3 दिसंबर की रात को हुए हादसे को याद करते हैं तो हमें भयावह स्वप्न आते हैं। हजारों जानें भोपाल की सड़कों पर आधी रात को तड़पते हुए दिखाई देती हैं। भोपाल की गैस त्रासदी इतिहास में दुनिया की सबसे खराब औद्योगिक आपदा के रूप में दर्ज है जिसमें उस भयावह रात में 5295 लोगों की जान चली गई और लगभग 568292 लोग घायल हो गए थे। उन्होंने कहा, औद्योगिक विकास सुरक्षा के बगैर अधूरा है। असुरक्षित उद्योग पीढ़ियों को प्रभावित करता है। विश्व मानव सभ्यता में इसका सबसे भयानक उदाहरण भोपाल गैस त्रासदी है। हमें हमारे संयंत्रों में भी सुरक्षा के साथ काम करने की आवश्यकता है। सुरक्षित उत्पादन न केवल हमारी वाणिज्यिक, औद्योगिक और व्यापारिक जिम्मेदारी है बल्कि, यह प्रत्येक उद्योग और प्रतिष्ठान की नैतिक जिम्मेदारी भी है। इस अवसर पर भोपाल गैस त्रासदी के मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी को सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई।

पत्रिका

सुरक्षा सप्ताह का समापन | मुख्य महाप्रबंधक बोले हमें हमारे संयंत्रों में भी सुरक्षा के साथ काम करने की आवश्यकता

# नेपा मिल में भोपाल गैस त्रासदी पीड़ितों को श्रद्धांजलि, सुरक्षा की दिलाई शपथ

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



विजेताओं को दिए प्रमाण पत्र।

**नेपानगर.** नेपा लिमिटेड में मंगलवार को औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह स का समापन हुआ। इस दौरान भोपाल गैस त्रासदी पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कारखाना परिसर स्थित अनाम श्रमिक स्मारक पर मुख्य महाप्रबंधक कार्य कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन ने अनाम श्रमिक पर माल्यार्पण किया। अलागेसन ने कहा जब हम 2-3 दिसंबर की रात को हुए हादसे को याद करते हैं तो हमें भयावह स्वप्न आते हैं। हजारों जाने भोपाल की सडकों पर आधी रात को तड़पते हुए दिखाई देती हैं। भोपाल की गैस त्रासदी इतिहास में दुनिया की सबसे खराब औद्योगिक आपदा के रूप में दर्ज है, जिसमें उस भयावह रात में 5295 लोगों की जान चली गई और लगभग 5 लाख 68 हजार 292 लोग घायल हो गए थे। उन्होंने कहा औद्योगिक विकास सुरक्षा के बगैर अधूरा है।

असुरक्षित उद्योग पीढियों को प्रभावित करता है। विश्व मानव सभ्यता में इसका सबसे भयानक उदाहरण भोपाल गैस त्रासदी है। हमें हमारे संयंत्रों में भी सुरक्षा के साथ काम करने की आवश्यकता है। सुरक्षित उत्पादन न केवल हमारी वाणिज्यिक, औद्योगिक और व्यापारिक जिम्मेदारी है बल्कि यह प्रत्येक उद्योग और प्रतिष्ठान की नैतिक जिम्मेदारी भी है। इस अवसर पर भोपाल गैस त्रासदी के मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी को सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया नेपा लिमिटेड औद्योगिक संरक्षण विभाग द्वारा सप्ताह भर आयोजित विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं के विजेताओं को कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन, महाप्रबंधक विपणन अजय गोयल, उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत सुमंत कानफाड़े और प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन महेंद्र केशरी द्वारा सम्मानित भी किया गया।

## इनका किया सम्मान

सहायक प्रबंधक औद्योगिक संरक्षा विभाग प्रशांत सोनी के नेतृत्व में आयोजित सुरक्षा नारा में वित्त विभाग की प्रशिक्षु पल्लवी पटेल को प्रथम, डीआईपी संयंत्र के तकनीकी सहायक राहुल बिरमल को द्वितीय, पावर हाउस के प्रशिक्षु अभिषेक सोनी को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## इन्हें किया सम्मानित

इंस्ट्रूमेंट विभाग के देवेंद्र परदेसी, मैकेनिकल विभाग के सनी कलोसिया, विद्युत विभाग के अब्दुल अजीम, डीआईपी संयंत्र के मयूर पाटिल, पेपर मशीन के चेतन पाटिल, फिनिशिंग हाउस के किशोर वानखेड़े, सेल्स गोडाउन के कुलभूषण कान्हेर, प्राथमिक उपचार केंद्र के रामदास पाल, पावर हाउस के भूषण निमाड़े,ए अग्निशमन दल के जयदेव दलवी, ईटी प्लांट के अशोक कोकटनूर, सिविल विभाग के संजू पालेकर को मेडल और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

इस दौरान महाप्रबंधक विपणन अजय गोयल, उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत सुमंत कानफाड़े, प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन महेंद्र केशरी, प्रबंधक पेपर मशीन अरविंद कुमार त्यागी, प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक कर्मचारी संबंध और कल्याण सीएल वर्मा, प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी, उप प्रबंधक इंस्ट्रूमेंट विजेंद्र यादव, सहायक प्रबंधक डीआईपी देवेंद्र महोबे, अग्निशमन केंद्र के प्रभारी उदेश नकुल और नेपा मिल श्रमिक संघ के सचिव संजय पवार सहित कई अफसर कर्मी उपस्थित थे।

04/12/2024 | burahanpur | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/